## ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ अभा भार्गव सभा का वार्षिक अधिवेशन

▸ देशभर से 1200 से अधिक समाजजनों ने की सहभागिता



**उज्जैन। अखिल भारतीय भार्गव सभा का 134वां वार्षिक अधिवेशन ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। अधिवेशन में देशभर से 1200 से अधिक समाजजन शामिल हुए।**

ध्वजारोहण अवसर पर अखिल भारतीय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल भार्गव रेवाड़ी, प्रधान सचिव संजय कुमार भार्गव जयपुर, कोषाध्यक्ष सीए विजय भार्गव आगरा, मोहित भार्गव दिल्ली, उपाध्यक्ष नरेश भार्गव जयपुर, पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय कुमार भार्गव जयपुर, उपप्रधान रमेश भार्गव अलवर, उपप्रधान पंकज भार्गव सचिव जयपुर एवं उज्जैन भार्गव सभा के पदाधिकारी अखिल भार्गव, अजय भार्गव रेमंड, सुधीर भार्गव, पीयूष भार्गव, आयुष भार्गव, राकेश भार्गव, संदीप भार्गव, शिवम भार्गव, आशीष भार्गव, अजय भार्गव, अजीत भार्गव आदि उपस्थित थे।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव एवं सह संयोजक शिवम भार्गव ने बताया कि अधिवेशन स्थल पर विवाह परामर्श शिविर का शुभारंभ भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रामकुमार भार्गव, ओमी भार्गव, मीनू भार्गव, विनीता भार्गव, प्रीति भार्गव, पूनम भार्गव, साधना भार्गव की अहम भूमिका रही है। महिला कार्यक्रमों में उप समिति द्वारा सलाद मेकिंग, अल्पना मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें संयोजक पारुल भार्गव, योगिता भार्गव, दीपाली भार्गव, नीरा भार्गव, जूही भार्गव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

अधिवेशन में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इंडोर गेम में कैरम, शतरंज, लूडो ,बैडमिंटन में लगभग 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता आयोजित करने में सौरभ भार्गव, अंकुर भार्गव, अंकेश भार्गव, कुणाल भार्गव, विजय भार्गव, आशीष भार्गव, संजय भार्गव का विशेष सहयोग रहा।

## मुख्यमंत्री का डोंगला आगमन

▸ उज्जैन महिदपुर 35 किमी मार्ग के उन्नयन की सिंहस्थ के मद्देनजर घोषणा करें : नवलखा



**महिदपुर**। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 22 दिसम्बर को तहसील के ग्राम डोंगला आ रहे है। इसी ग्राम को लिंक करते हुए उज्जैन–महिदपुर 35 किमी का जो मार्ग बना हुआ है उसको उन्नयन करने की घोषणा करें ताकि महिदपुर उज्जैन का सीधा सरल व शार्ट यातायात मार्ग खुल जाने से महिदपुर का उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र से नया रास्ते का उदय होने से कागदी कराड़िया, पान बिहार, मीण, मेलान्या, हिंगोनिया, बरखेड़ा बुजुर्ग, धाराखेड़ा, चैरवासा, टांडा, महिदपुर का नया चैड़ा यातायात मार्ग खुल जावेगा। क्षेत्र की अधिकांश सड़के बनी हुई है सिर्फ उन्हें उन्नयन कर दोहरीकरण किया जाना है। जिससे भारी यातायात मार्ग खुल जाने से उक्त क्षेत्र के नागरिकों, किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों को बहुत लाभ होकर जनता सीधे रास्ते से उज्जैन से जुड़ जाएगी। उक्त वर्षों से लंबित मांग पूरी करने की अपील सामाजिक कार्यकर्ता एवं मप्र कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने करते हुए मुख्यमंत्री से सहृदयतापूर्वक जायज मांग पूरी करने का अनुरोध किया है।

### एक नजर में

## जनपद के गांवों में अब आनलाइन मांग पर करवा सकते है शौचालय की साफ–सफाई



**खाचरौद**। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के निर्देशन में वॉश ऑन व्हील्स कार्यक्रम अंतर्गत जनपद खाचरोद के 7 क्लस्टर की 71 पंचायतो के गांवों में कोई भी घरेलु सार्वजनिक संस्थाओ एवं उनके शौचालयों की सफाई चिन्हित सफाई मित्रों के द्वारा की जाएगी। जनपद पंचायत खाचरौद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि जनपद की चांपानेर, चांपाखेड़ा, डोडिया, सेदरी, केसरीया, आक्याजागीर, मोकड़ी, चंदोडीया, बरखेड़ाजावरा, दिवेल, श्रीवच्छ, गोठड़ा, फर्नाखेड़ी, घिनोदा, भाटखेड़ी, लेकोडियाटांक, मीण, भैंसोला, बटलावदी, रिंगनिया, बोरदिया, पानवासा, बेहलोला, नरेंडीपाता, रुनखेड़ा, उंचाहेड़ा, थडोदा, नापाखेड़ी, बंजारी, कंचनखेड़ी, कनवास, भुंवासा, नंदवासला, आलोटजागीर पंचायतों के सभी गांवों के आमजन अपने घरो के शौचालय की सफाई ,उक्त पंचायतो के समस्त सार्वजनिक ,सामुदायिक संस्थानों के शौचालय की सफाई को सफाई मित्रों के माध्यम से करा सकते है सफाई मित्र आपके द्वारा निर्धारित दिन एवं समय पर आकर गुणवत्तापूर्ण सफाई करेंगे। इसके लिए सर्वप्रथम आपको अपने मोबाइल में प्ले स्टोर पर जाकर 2श्2 नाम की एप्लीकेशन डाउनलोड करनी पड़ेगी और उसमें रजिस्टर नाम डालकर ओटीपी डालकर इसको रेजिस्टर्ड किया जा सकता है। उसके बाद में नागरिक हू ऑप्शन में जाकर सफाई कराने हेतु रिक्वेस्ट भेजने पर सफाई मित्र आपकी भेजी गयी रिक्वेस्ट में निर्धारित तारिख एवं समय में आकर आपसे सम्पर्क कर सफाई कार्य पूर्ण करेंगे। कई पंचायतो में सफाई मित्र समय पर आकर गुणवत्ता पूर्ण सफाई करने लगे हैं। बेड़ावन ,आक्याजागीर, क्लस्टर की कई पंचायतो में बड़ी संख्या में सफाई मित्रो के पास डिमांड आने लगी। जिस से ग्रामीण क्षेत्रो में स्वछता के क्षेत्र में क्रांति आ गयी है। गांवों में मोबाइल से सिर्फ एक रिक्वेस्ट भेजने पर सफाई मित्र खुद बाइक से आपके घर, स्कूल, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवन, बैंक, सोसाइटी आदि के शौचालय बेहद सुव्यवस्थित तरीके से सफाई करके जायेंगे। सबसे ख़ास बात है इसके लिए सफाई मित्र बेहद न्यूनतम रूपए आपसे चार्ज करेंगे। सफाई मित्रो का प्रशिक्षण जिला प्रशासन के द्वारा व्यवस्थित रूप से किया गया है एवं इनको को किट भी प्रदान की गयी है। ऑनलाइन रिक्वेस्ट के आधार चयनित 71 पंचायतों के सभी गांवों के कोई भी आम नागरिक भी रिक्वेस्ट भेजकर घरेलु, संस्थागत ,सामुदायिक शौचालयों की सफाई करवा सकते है।

## महिदपुर के इतिहास का उद्धार करेंगे : बोस




**महिदपुर**। नगर में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका महिदपुर के सौजन्य से किया गया। जिसमें अनेक जनप्रतिनिधियों ने शिकरत की। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश जैन बोस कहा कि इतिहास में शहीदों के नाम नहीं लिखा गया। महिदपुर का इतिहास बहुत बड़ा रहा है, आने कल में पुरातत्व विभाग के साथ मिलकर महिदपुर के इतिहास का उद्धार करेंगे, विधायक दिनेश बोस ने शहीदों की सूची में शहीदों के नाम कम करने का मुद्दा भी उठाया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## पुलिस पेंशनर का प्रांतीय अधिवेशन 24 को

**उज्जैन**। मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ का प्रांतीय अधिवेशन आगामी 24 दिसंबर को बाबा पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर संगठन द्वारा तैयारियां की जा रही है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों—उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, आगर, देवास, इंदौर, खरगोन, बड़वानी, धार, झाबुआ, बालाघाट, मंडला, सीधी, शहडौल, भोपाल, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, सिवनी, दतिया, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर आदि—से हजारों की संख्या में पुलिस पेंशनर सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन में कई सांसद एवं विधायक, साथ ही सेवानिवृत्त आईजी, डीआईजी, एसपी एवं उप पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। उज्जैन पुलिस पेंशनर संघ से भी 60 से 70 सदस्यों का दल इस प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 24 दिसंबर को सुबह 7 बजे निजी बस द्वारा उज्जैन से मंदसौर के लिए रवाना होगा।

## कल होगी मप्र गुजराती सेन समाज के ट्रस्टियों की बैठक

**उज्जैन**। मप्र गुजराती सेन समाज ट्रस्ट उज्जैन के ट्रस्टियों की बैठक कल 23 दिसंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से ढाबा रोड स्थित ट्रस्ट कार्यालय शेषनारायण मंदिर में होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक राठौर घुड़ावन ने 8 जिलों के समस्त ट्रस्टी से बैठक में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।



खाचरौद। जनपद पंचायत खाचरौद का दूसरा अटल ग्राम सुशासन पंचायत भवन ग्राम पंचायत कनवास ने पूर्ण किया।

## थाना घट्टिया में ध्यान केंद्र का आयोजन



**घट्टिया। पुलिस थाना घट्टिया में मध्यप्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और आंतरिक संतुलन को मजबूत करने के उद्देश्य से ध्यान एवं योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह पहल पुलिस को तनावमुक्त और सकारात्मक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।**

पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य, आंतरिक संतुलन एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में ध्यान केंद्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस कर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त, तनावमुक्त एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से युक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण, दबावपूर्ण एवं जिम्मेदारी से भरी होती है। निरंतर ड्यूटी, कानून–व्यवस्था की चुनौतियां, आपातकालीन परिस्थितियां एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के कारण पुलिस कर्मियों पर मानसिक एवं भावनात्मक दबाव बना रहता है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा यह प्रयास किया गया है। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ध्यान, योग एवं मानसिक एकाग्रता के माध्यम से तनाव से मुक्ति प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का मूल संदेश हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमित ध्यान एवं मानसिक अभ्यास को जीवनशैली में अपनाकर न केवल व्यक्तिगत जीवन को संतुलित किया जा सकता है, बल्कि कर्त्तव्यों के निर्वहन में भी और अधिक एकाग्रता, धैर्य एवं संवेदनशीलता लाई जा सकती है। इस अवसर पर थाना प्रभारी करण खोवाल, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह अलावा, प्रवेश जाटव सहित थाना पुलिस बल उपस्थित रहा।




## योग ध्यान को नियमित करने से लाभ ही लाभ है

**बड़नगर**। शासकीय महाविद्यालय में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस दौरान हार्टफुलनेस कान्हा शान्ति वनम हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त मेंटर अर्जुन सिंह डोडिया ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को सूक्ष्म योग एवं ध्यान करवाया।

आपने कहा कि योग ध्यान सिर्फ एक दिन करने का नहीं है। मानसिक शान्ति के लिए इसे प्रतिदिन करें। जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी अपनी दिनचर्या हिस्सा योग ध्यान को बनाए। लाभ ही लाभ होगा। अपने परिजनों के साथ गांव की महिला, पुरुष एवं बच्चों को भी ध्यान योग से जोड़ना चाहिए ताकि उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहे। मेंटर दिनेश पाठक, जीवन शर्मा ने भी योग ध्यान पर विस्तार से प्रकाश डाला। योग ध्यान कार्यक्रम का संचालन व आभार आशुतोष शर्मा ने किया। इसी प्रकार परिषद से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता एवं कन्हा शांति वनम से प्रशिक्षण प्राप्त शुभम जायसवाल, अर्जुन सिंह डोडिया एवं वीरेंद्र पंड्या ने इंगोरिया बड़नगर एवं भटापचलाना थाने में भी पुलिस कर्मियों को विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान करवाया।

## सनातन संस्कृति की रक्षा और राष्ट्र विकास का संकल्प



**उज्जैन। बड़नगर रोड स्थित महाकाल गार्डन में शनिवार शाम गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के युवा संवाद एवं ब्रह्म सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ।**

इस कार्यक्रम में उज्जैन सहित देशभर के विभिन्न कोनों से समाज के प्रबुद्धजन और युवा शक्ति एकत्रित हुई। जिससे पूरा परिसर जय परशुराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। सम्मेलन का मुख्य केंद्र राष्ट्र विकास में ब्राह्मणों की सहभागिता और सनातन संस्कृति व धर्म परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने मंच से समाज के युवाओं को शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ–साथ समाज को संगठित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं संचेतक नारायण लाल पंचारिया के मुख्य आतिथ्य और पूर्व अध्यक्ष अनिल जोशी व श्रेयांश तिवारी के संयुक्त अनुक्रम में समाज की भावी रणनीति पर विचार–विमर्श हुआ। इस दौरान संपूर्ण भारतवर्ष में समाज के योगदान और राष्ट्र कल्याण के दृष्टिकोण पर सार्थक संवाद हुआ।

सम्मेलन में अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया और समाज के गौरव को बढ़ाने वाले उज्जैन प्रेस क्लब के नव निर्वाचित सचिव विजय व्यास व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संचित शर्मा एवं प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में बद्री लाल पुरोहित, मदन मोहन, सुरेंद्र चतुर्वेदी, रामस्वरूप जोशी, राजेश तिवारी, राहुल गौतम, श्रेयांश तिवारी, नीतेश व्यास इंदौर, अश्विन तिवारी, अनिल पुरोहित, दीपक शर्मा, अमित शर्मा, शुभम शर्मा कालूखेड़ा, ऋषि शर्मा खाचरोद, कन्हैया पुरोहित नीमच, धर्मेश तिवारी, योगेश पुरोहित, अंश जोशी देवास, दिव्यांश तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा नीमच, हर्ष उपाध्याय, नानू क्षेत्रीय देवास, नीरज शर्मा देवास और रमेश शर्मा जैसे युवाओं ने मंचासिन अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच पर उपस्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, प्रेस क्लब सचिव पंडित विजय व्यास और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संचित शर्मा का भी स्मृति चिन्ह व शाल–श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य आयोजक पं. अर्पित दुबे के सानिध्य में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में पं. रविशंकर शुक्ल, पं. कपिल व्यास, यशवंत व्यास, पंकज दुबे, अशोक त्रिवेदी, पंडित अमर डब्बावाला, यश जोशी, आशुतोष उपाध्याय, सोमेश जोशी, रचित व्यास, सोमेश जोशी और कुणाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित गौरव उपाध्याय ने किया।




## छाया श्रीवास्तव की स्मृति में नेकी का वाहन चलाया

**उज्जैन। दीन दुखियों की मसीहा मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में नेकी का वाहन चलाया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी एवं अल हिजरा उमरा टूर ट्रेवल्स उज्जैन इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन शहर के विभिन्न भागों में चलाया गया।**

अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने विस्तृत जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा शीत ऋतु में हर सप्ताह नेकी का वाहन दो शख्सियत की स्मृति में चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में फ्रीगंज टावर से मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन का शुभारंभ समाजसेवी विकार अहमद राजा भाई ने किया। अपने उद्बोधन में समाजसेवी विकार अहमद ने कहा इस भीषण सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए कंबल और गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी निरंतर सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका वर्ष भर निभाती रहती है। इसके लिए भी संस्था बधाई की पात्र है। उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया शहर के विभिन्न भागों में जरूरतमंदों को कंबल और गर्म वस्त्र उपलब्ध कराएं।



## महाराष्ट्र समाज के पदाधिकारी के निर्वाचन का कार्य संपन्न

**उज्जैन**। महाराष्ट्र समाज उज्जैनी वर्ष 2025 ये 2028 तक निर्वाचन में पदाधिकारी के निर्वाचन का कार्य संपन्न हुआ। 15 में से 13 निर्वाचित सदस्यों के निर्वाचन उपरांत अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार पंकज चांदोरकर और सुचित्रा केतकर ने दावेदारी की थी। जिसमें पंकज चांदोरकर को 13 में से 8 उम्मीदवारों ने अपना मत दिया है और सुचित्रा केतकर को 5 मत प्राप्त हुए हैं। इसलिए पंकज चांदोरकर को अध्यक्ष घोषित किया गया।

सचिव पद के लिए सुशील मुले द्वारा अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की थी। किंतु 13 में से सुशील मुले के अलावा अन्य किसी ने सचिव पद हेतु निर्वाचन की दावेदारी नहीं करने के कारण सुशील मुले को निर्विरोध सचिव पद के लिए घोषित किया गया है। कोषाध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार रविंद्र मुले और चंद्रशेखर केलकर के द्वारा उम्मीदवारी की गई थी किंतु रविंद्र मुले को 8 मत प्राप्त होने से महाराष्ट्र समाज उज्जैन का कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

सहसचिव के क्रमांक 1 के पद के लिए मिलिंद पन्हालकर और दिलीप जोशी के द्वारा उम्मीदवारी की गई थी। दिलीप जोशी को 5 मत प्राप्त होने और मिलिंद पन्हालकर को 8 समर्थकों के द्वारा समर्थन दिए जाने से मिलिंद पन्हालकर को सहसचिव क्रमांक 1 निर्वाचित घोषित किया गया। सहसचिव क्रमांक 2 के लिए यशवंत तिलगुड़कर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### एक नजर ▸ शिक्षक एवं कर्मचारियों ने आमसभा आयोजित की

## राज्य शिक्षक संघ ने पैदल मार्च निकाल कर सौंपा तीन सूत्री मांग का ज्ञापन



**उज्जैन। दशहरा मैदान स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में राज्य शिक्षक संघ उज्जैन द्वारा जिले भर के अध्यापक शिक्षक एवं कर्मचारी एकत्रित हुए। इस अवसर पर एक आमसभा आयोजित की गई, जिसमें संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सम्बोधित किया।**

कर्मचारियों ने अपनी–अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। आमसभा के समापन पश्चात माता मंदिर से पैदल मार्च निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचा। पैदल मार्च के दौरान अध्यापक शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। कार्यालय पहुंचकर राज्य शिक्षक संघ की ओर से तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन का वाचन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुषमा खेमसरा ने कर एडिपीसी गिरीश तिवारी को मुख्यमंत्री के नाम प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पेंशन, ई अटेंडेंस तीन सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष शेख मोहम्मद ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मांग की गई है कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गई है, लेकिन उस तिथि के बाद नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर आज तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ न मिलने के कारण शिक्षकों को अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अतः अध्यापक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जाए। दूसरी प्रमुख मांग में नवीन पेंशन योजना को कर्मचारियों के लिए अनुपयुक्त बताते हुए वर्ष 1998 से वर्तमान तक नियुक्त सभी नवीन शिक्षक संवर्ग को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की मांग की गई है। वहीं तीसरी मांग में कहा गया है कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के छात्र लगातार स्थान बना रहे हैं, इसके बावजूद नियमित उपस्थिति के लिए लागू की गई ई–अटेंडेंस व्यवस्था अव्यवहारिक है। इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाए तथा अन्य छोटी–बड़ी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस दौरान ए डी पी सी गिरिश तिवारी ने राज्य शिक्षक संघ का ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही विभागीय मांगों पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, प्रांतीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कैलाश बारोड़, शिक्षक महासंघ के प्रांतीय महामंत्री प्रेमप्रकाश पंडिया, राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव श्रीराम टिपानिया, जिला सचिव विजेंद्र सिंह राठौर, सी बी सिंह, रामलाल थावलिया, सदा शिव रावल, कैलाश गोस्वामी, देवीलाल झाला, पुरालाल गुजराती, अजय दोहरे, सलीम नागौरी, अतुल दीक्षित, करनसिंह गोड़, मुन्ना लाल मालवीय, सुनील नामदेव, जगदीश धाकड़, सहित सेकड़ो कर्मचारी भाई बहन सम्मिलित हुए।